**2021**

( Held in 2022 )

HINDI

( Honours )

Paper : HIN–HC–1016

**[ हिन्दी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल तक) ]**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) हिन्दी साहित्य के आदिकाल को किसने 'चारण काल' कहा था?

(ख) शुक्ल जी के अनुसार भक्तिकाल की आरंभिक और अंतिम सीमा का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'पउम चरिउ' के कवि कौन हैं?

(घ) हिन्दी साहित्य के किस काल के सीमांकन तथा नामकरण के संबंध में विवाद नहीं है?

(ङ) भक्तिकालीन संत साहित्य आदिकालीन किस काव्यधारा से अधिक प्रभावित है?

(च) रामकाव्य के अंतर्गत कृतियों की रचना प्रधानतः किस भाषा में की गई है?

(छ) 'साहित्य लहरी' के रचयिता का नामोल्लेख कीजिए।

(ज) रामचंद्र शुक्ल के अनुसार रीतिकाल के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं?

(झ) रीतिकालीन काव्यों में शृंगारिकता के प्राचुर्य का मुख्य कारण क्या है?

(ञ) रीतिकालीन वीर साहित्य के एक रचयिता का नाम लिखिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) शुक्ल जी के अनुसार सिद्ध साहित्य के प्रथम कवि और उनकी कृति के नाम लिखिए।

(ख) रासो काव्यधारा के सर्वश्रेष्ठ कवि तथा उनकी कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) सूफी काव्यधारा के प्रथम कवि के रूप में किन दो कवियों पर विवाद है?

(घ) रीतिसिद्ध काव्यधारा के सर्वश्रेष्ठ कवि तथा उनकी प्रमुख कृति के नाम लिखिए।

(ङ) किस रीतिमुक्त कवि को 'प्रेम की पीर के कवि' कहा जाता है और क्यों?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) आदिकाल के सीमांकन के संदर्भ में विभिन्न विद्वानों के मतों का उल्लेख कीजिए।

(ख) आदिकालीन नाथ साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) हिन्दी साहित्य में कबीर की देन पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(घ) भक्तिकाल की कृष्णभक्ति शाखा की प्रमुख विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ङ) हिन्दी साहित्य के रीतिकाल के सीमांकन पर संक्षेप में विवेचन कीजिए।

(च) रीतिमुक्त काव्यधारा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) हिन्दी साहित्य के आदिकाल के नामकरण पर विभिन्न विद्वानों के मतों का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

हिन्दी साहित्य की आदिकालीन विभिन्न परिस्थितियों पर संक्षेप में आलोकपात कीजिए।

(ख) भक्तिकालीन किन्हीं दो सूफी काव्यों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**अथवा**

राम काव्य-परम्परा को तुलसीदास की देन पर विवेचन कीजिए।

 ( *Turn Over* )

(ग) रीतिबद्ध काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए।

**अथवा**

रीतिमुक्त काव्यधारा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(घ) मध्यकालीन भक्ति आंदोलन पर संक्षेप में विवेचन कीजिए।

**अथवा**

रीतिकालीन काव्यों की शृंगारिकता पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

★★★